CCE RF/PF/RR/PR/NSR/NSPR(A)/666/049

**A**

**ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ – 1**

**MARCH/APRIL 2024 EXAMINATION-1**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

**CCE RF/PF/RR/PR/NSR/NSPR FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No.

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**(Regular Fresh / Private Fresh / Regular Repeater / Private Repeater / NSR / NSPR)**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2024 ] [ Date : 04. 04. 2024

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-15 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-15 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-15 A.M. to 1-15 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

**Cut here / ಇಲ್ಲಿ ಕತ್ತರಿಸಿ**

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय **आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग** को काटकर खोलें **(तीर का अनुसरण करें)**। **प्रश्नपत्र खोलने के लिए बायें भाग को न काटें।** जाँच करें कि प्रश्नपत्र के सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।
6. आप यह सुनिश्चित कर लें कि आपको दिए गए प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) और आपके प्रवेशपत्र में मुद्रित प्रश्नपत्र का संस्करण (Version) एक ही हो।

HINDI

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**

**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**04. 04. 2024**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'शीशा' शब्द का अन्य वचन रूप है –

   (A) श्रेष्ठ (B) शीशे

   (C) शीशी (D) शीश

2. 'कवयित्री' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

   (A) कवि (B) लेखिका

   (C) काव्य (D) कविता

3. 'सज्जन' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) जन (B) संत

   (C) दुर्जन (D) सुजान

4. जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात मनमोहक है ।

   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

   (A) विस्मयादिबोधक (B) योजक

   (C) प्रश्नार्थक (D) अल्पविराम

5. निम्नलिखित में से गुणसंधि का उदाहरण है –

(A) अत्यधिक (B) वार्षिकोत्सव

(C) वनौषध (D) विद्यालय

6. गाड़ी आने .............. देर है ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) में (B) पर

(C) से (D) के

7. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) देना (B) दे

(C) दिलाना (D) दिलवाना

8. निम्नलिखित में से द्विगु समास का उदाहरण है –

(A) सत्याग्रह (B) राजा-रानी

(C) चंद्रमुखी (D) पंचवटी

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. चिट्ठी भेजने के लिए : अधिक समय : : ई–मेल भेजने के लिए : ............

10. भोलापन : बालकृष्ण : : वात्सल्य : .. ..................

11. बिस्तर के नीचे दबाया : नई चप्पलें : : सिर के नीचे दबाया : ............

12. नागपुर : संतरा : : कश्मीर : ...................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. इंटरनेट क्रांति का असर किस पर पड़ा है ?

14. परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?

15. स्वागत समिति के मंत्री किसको डाँटने लगे ?

16. कवि के अनुसार बहाने बनाने का कारण लिखिए ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. 'वीडियो कान्फरेंस' के बारे में समझाइए ।

18. जलालुद्दीन ने कलाम जी को नई दुनिया का बोध कैसे कराया ?

19. कवि के अनुसार मनुष्य सुख कैसे पा सकता है ?

20. दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

21. कवि भारत माँ से क्या प्रार्थना कर रहे हैं ?

22. किन्द्रु लालीम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

23. शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

टाइटन के बारे में लिखिए ।

24. सत्य के बारे में शास्त्र में क्या कहा गया है ?

**अथवा**

पर्यावरण के बारे में सलमा ने क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन–चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. बालकृष्ण अपनी माता से क्या–क्या शिकायतें करता है ?

26. रोबोटिक संघ ने साधोराम की समस्या का समाधान कैसे निकाला ?

27. बसंत नोट भुनाकर वापिस क्यों नहीं लौटा ? कारण स्पष्ट कीजिए ।

28. आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कीजिए ।

29. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ? बताइए ।

30. 'बालशक्ति' ने कौन–कौन से कार्य करने का निश्चय किया ?

31. दक्षिणी शिखर के वातावरण का वर्णन बचेंद्री कैसे करती हैं ?

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िए, जब लग घट में प्राण ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है । यह पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है । शनि ग्रह का व्यास 116 हजार किलोमीटर है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच–छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**

34. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ? वर्णन कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ............................

..........................................

..........................................

.............................. भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1 × 4 = 4**

36. वास्तव में शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति और समाज का पूर्ण विकास करना है । यह तभी संभव है जब शिक्षा उसी भाषा में दी जाए, जिसे आसानी से समझा जा सके । मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज से संबंध स्थापित करने के लिए वह समाज में प्रचलित भाषा का ज्ञान प्राप्त करता है । मातृभाषा वह है,

जिसे माता-पिता व अन्य पारिवारिक सदस्यों से सीखा जाता है । अर्थात जब बच्चा छोटा होता है तो घर परिवार में अनुकरण द्वारा वह जिस भाषा को सीखता है वह उसकी मातृभाषा है । किन्तु जब बात शिक्षा की हो तो ज्ञान व विज्ञान किसी भाषा पर निर्भर नहीं होता ।

(अ) शिक्षा के उद्देश्य को बताइए ।

(आ) शिक्षा का उद्देश्य कैसे संभव है ?

(इ) छोटा बच्चा मातृभाषा को कैसे सीखता है ?

(ई) भाषा पर क्या निर्भर नहीं होता ?

**VIII.** **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

37. (क) **खेलों का महत्व**

* प्रस्तावना
* खेलों के प्रकार
* खेलों से लाभ
* उपसंहार ।

(ख) **इंटरनेट – एक वरदान**

* प्रस्तावना
* इंटरनेट का महत्व
* इंटरनेट से लाभ
* उपसंहार ।

(ग) **जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता**

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण
* जनसंख्या वृद्धि के परिणाम
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. कोई सकारण देते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE